भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1550

जिसका उत्तर 15 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है ।

पनबिजली उत्पादन

1550. श्री इंद्रा हांग सुब्बा:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान देश के प्रत्येक राज्य में पनबिजली उत्पादन का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में उत्पादित अधिशेष विद्युत की मात्रा कितनी है; और

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा स्वच्छ स्रोतों से विद्युत उत्पादन में सुधार के लिए क्या नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान, देश में जलविद्युत उत्पादन के राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ख) : विद्युत का उत्पादन इसकी मांग पर आधारित होता है। वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान, जल विद्युत परियोजनाओं से वास्तविक उत्पादन लक्ष्य का 89.28%, 103.76% 113.76%, 107.08% और 101.39% था।

(ग) : देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

- वर्ष 2029-30 तक नवीकरणीय क्रय बाध्यता (आरपीओ) ट्रेजेक्टरी की घोषणा
- सौर, पवन तथा जल विद्युत परियोजनाओं के लिए अंतःराज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) प्रभारों में छूट देना।
- आरई विकासकर्ताओं को प्लग एंड प्ले आधार पर भूमि और पारेषण प्रदान करने के लिए अल्ट्रा मेगा नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापना करना।

- प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम), सोलर रूफटॉप फेज-II, 12000 मेगावाट सीपीएसयू स्कीम फेज-II, आदि जैसी स्कीमें।
- नवीकरणीय विद्युत की निकासी के लिए हरित ऊर्जा कॉरिडोर स्कीम के अंतर्गत नई पारेषण लाइनें बिछाना और नई सब-स्टेशन क्षमता का निर्माण करना।
- सौर फोटो वोल्टेक प्रणाली/उपकरणों के परिनियोजन के लिए मानकों को अधिसूचित करना।
- निवेश आकर्षित करने और सुगमीकरण के लिए परियोजना विकास प्रकोष्ठ की स्थापना।
- स्वचालित तरीके से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) की अनुमति देना।
- ग्रिड संबद्ध सौर पीवी तथा पवन से विद्युत की खरीद के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली हेतु मानक बोली दिशानिर्देश।
- सरकार ने आदेश जारी किए हैं कि वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा आरई उत्पादकों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए साख पत्र (एलसी) अथवा अग्रिम भुगतान के निमित्त विद्युत डिस्पैच की जाएगी।
- हरित ऊर्जा खुली पहुंच नियम, 2022 के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के संवर्धन की अधिसूचना जारी करना।
- एक्सचेंजों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा की बिक्री के सुगमीकरण के लिए ग्रीन टर्म अहेड मार्केट (जीटीएएम) और ग्रीन डे अहैड मार्केट (जीडीएएम) का शुभारंभ।
- बड़ी जल विद्युत (एलएचपी) (>25 मेगावाट परियोजनाओं) को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में घोषित करना।
- बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था के लिए बजटीय सहायता और जल विद्युत परियोजनाओं (एचईपी) की अवसंरचना अर्थात सड़कों/पुलों के सक्षमीकरण के प्रावधान करना।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 15.12.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1550 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष 2022-23 के दौरान देश में जल विद्युत स्टेशनों (>25 मेगावाट) का राज्य-वार उत्पादन (दिनांक 30.11.2022 तक की स्थिति के अनुसार संभावित)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	दिनांक 30.11.2022 तक की स्थिति के अनुसार संस्थापित क्षमता (मेगावाट)	उत्पादन (मिलियन यूनिट)					
		2017-18	2018-19	2019-20	2020-2021	2021-22	2022-23 (दिनांक 30.11.2022 तक की स्थिति के अनुसार संभावित)
		वास्तविक	वास्तविक	वास्तविक	वास्तविक	वास्तविक	वास्तविक
हिमाचल प्रदेश	10263	38783	35908.57	40834.88	37473.47	36459.64	32732
जम्मू और कश्मीर	3360	14793.01	16387.07	18094	17002.68	17074.02	14102
लद्दाख	89	144.55	154.51	270.28	376.21	405.98	343
पंजाब	1096.3	4724.3	4335.4	5123	4747.03	3709.73	3065
राजस्थान	411	819.53	698.4	606	469.63	481.84	508
उत्तर प्रदेश	501.6	1486.69	1176.36	1073	1572.35	1402.68	588
उत्तराखंड	3975.35	13983.61	13741.1	14555	13592	14332.13	12330
छत्तीसगढ़	120	178.07	243.08	237	419.19	404.13	196
गुजरात	1990	1551.92	1042.81	5415	4233.36	2621.51	4919
मध्य प्रदेश	2235	2586.81	3396.67	6282	6477	4686.72	5471
महाराष्ट्र	3047	4861.12	5076.86	5881	5548.46	6007.38	4036
आंध्र प्रदेश	1610	2268.8	2272.94	3013	3280.12	3113.83	2920
कर्नाटक	3689.2	7142.62	12187.69	14014.27	12587.35	13936.46	8925
केरल	1864.15	5199.26	7320.21	5454.04	6628.39	9317.44	6094
तमिलनाडु	2178.2	2919.6	5281.59	4765.24	5212.71	5212.07	4237
तेलंगाना	2405.6	1491.98	1744.61	4507.04	3645.38	5626.63	5367
झारखंड	210	332.32	180.98	150.96	223.09	547.96	280
ओडिशा	2154.55	6022.99	6777.45	6728.77	6859.97	5230.63	4247
सिक्किम	2282	8887.99	9022.07	11027.36	10879.5	11493.9	10468
पश्चिम बंगाल	1341.2	2278.45	2919.81	2916.38	3212.28	3189.84	2636
अरुणाचल प्रदेश	1115	1416.74	1399.01	1786.46	3451.34	4161.28	4054
असम	350	1918.58	1694.36	1291.68	270.87	676.24	409
नागालैंड	75	274.39	231.47	180.85	203.86	100.55	158
मणिपुर	105	837.74	602.61	366.59	621.62	455.48	426
मेघालय	322	1140.26	929.53	1018.29	1151.99	841.82	852
मिजोरम	60	78.37	168.44	177.02	158.85	137.44	155
कुल	**46850.15**	**126122.7**	**134893.61**	**155769.12**	**150299.52**	**151627.33**	**129515.87**

****